an>

title: Need to renovate Pandit Deendayal Upadhyaya Sports Stadium in Unnao parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. स्वामी साक्षीजी महाराज (उन्नाव): कहते हैं कि स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ्य मन का वास होता है और स्वस्थ शरीर राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करता है। जहां एक ओर सरकार खेल संसाधनों के अभाव में राष्ट्र निर्माण की भूमिका पर जोर दे रही है वहीं दूसरी और मेरे संसदीय क्षेत्र का युवा खेल संसाधनों के अभाव में राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान करने में अक्षम है। आज देश का युवा खेल के माध्यम से पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन कर रहा है। मगर मेरे संसदीय क्षेत्र उन्नाव (उत्तर प्रदेश) में खेलों और खेल संसाधनों का सर्वथा अभाव है। इसी क्रम में मेरे संसदीय क्षेत्र उन्नाव (उत्तर प्रदेश) स्थित **पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम** आज उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। इस स्टेडियम का निर्माण इस उद्देश्य से किया गया था कि यहां का युवा वर्ग खेल के माध्यम से अपना, अपने परिवार, अपने प्रदेश और भारत का नाम रौशन कर सकेगा। मगर इस स्टेडियम की ऐसी दुर्गति हो गयी है कि यहां लोग आना तक पंसद नहीं करते।

अतः मैं माननीय खेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम का पुनर्निर्माण जल्द से जल्द किया जाए और इसकी बिगड़ती स्थिति को सुधारा जाए ताकि हमारे जिले का नौजवान खेल के माध्यम से हमारे देश का नाम रोशन कर सके और राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का सही तरीके से निर्वाह कर सके।